मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-276
22/04/2023

# मुख्यमंत्री ने ईद–उल–फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों का किया भ्रमण, लोगों से मुलाकात कर दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना 22 अप्रैल 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ईद–उल–फितर के अवसर पर खानकाह–मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री इमारत–ए–शरिया, फुलवारीशरीफ जाकर वहां के नायब अमीर–ए–शरीयत श्री शमशाद रहमानी, कार्यकारी सचिव मौलाना शिब्ली कासमी सहित अन्य लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज स्थित इदारा–ए–शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ0 फरीद अमानुल्लाह एवं पूर्व विधान पार्षद श्री गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। इदारा–ए–शरिया के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य की तरक्की के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उन्हें आभार पत्र भी सौंपा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह–ए–मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की दुआ की। साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री तकिया शरीफ, मित्तन घाट, पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं श्री आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री एक्जिविशन रोड स्थित डॉ0 अहमद अब्दुल हई के आवास, आशियाना दीघा रोड स्थित डॉ0 मो0 ग्यासुद्दीन रई साहब के आवास, आशियाना–दीघा रोड स्थित सांसद श्री अहमद अशफाक करीम के आवास एवं दानापुर छावनी स्थित हाजी मोहम्मद इलियास उर्फ सोनू बाबू के आवास पर जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

ईद–उल–फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों के भ्रमण के दौरान सूचना एवं जन–सम्पर्क सह जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना के जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******